# रोगी सूचना

National Antibiotic Allergy Network

# क्या मुझे अब भी किसी एंटीबायोटिक से एलर्जी है?

इस दस्तावेज़ को आपके संबंधित स्वास्थ्य देखभाल प्रोफेशनल की सलाह की जगह नहीं लेनी चाहिए।

कई लोग एंटीबायोटिक्स से एलर्जियाँ होने की सूचना देते हैं, विशेषकर पैनिसलीन से। पैनिसिलिन से होने वाली बहुत सी एलर्जियाँ कुछ सालों के बाद दूर हो जाती हैं। आप यह पता करने के लिए एक जाँच करवा सकते हैं कि क्या आपको अब भी किसी एंटीबायोटिक से एलर्जी है। इस जाँच का परिणाम, अभी और भविष्य में, किसी संक्रमण से ठीक होने में आपकी सहायता के लिए, आपको सबसे अच्छी और सुरक्षित एंटीबायोटिक प्राप्त करने में सहायता करेगा।

## एंटीबायोटिक एलर्जी क्या होती है?

एंटीबायोटिक एलर्जी तब होती है जब शरीर की प्रतिरोधक प्रणाली (इम्यून सिस्टम) किसी ऐसी एंटीबायोटिक से रिएक्ट करती है जो उसे अच्छी नहीं लगती। जब ऐसा होता है, तो प्रतिरोधक प्रणाली (इम्यून सिस्टम) एलर्जी के लक्षण पैदा करती है। एंटीबायोटिक एलर्जी गंभीर (प्राण-घातक) या हल्की हो सकती है।

एंटीबायोटिक्स से होने वाली गंभीर (प्राण-घातक) एलर्जियों में शामिल हैं:

- एनाफलैक्सिस (दवाईयों, खाद्य सामग्रियों जैसे पदार्थों या कीड़े-मकोड़ों के काटने से एलर्जिक रिएक्शन)। एनाफलैक्सिस के लक्षणों और चिन्हों में शामिल हैं:
    - ब्लड प्रैशर का बहुत कम होना
    - नाड़ी या धड़कन का बहुत धीमा और/या तीव्र होना
    - किसी पदार्थ के संपर्क में आने के तुरंत बाद, अन्य लक्षणों के साथ चकत्ते होना
    - होंठों पर या जीभ पर सूजन

  *यदि आपको ख़ुद में एनाफलैक्सिस के कोई भी संकेत या लक्षण नज़र आयें, तो आपको तत्काल चिकित्सीय सहायता के लिए तुरंत 000 पर फोन करना चाहिए।*

- अस्वस्थता शुरु होने के साथ, चकत्ते हो जाना

यदि आपमें निम्नांकित में से कुछ भी है तो, आपको हल्की एंटीबायोटिक एलर्जी है:

- बचपन में या लंबे समय पहले, डॉक्टर द्वारा लिखा गया एंटीबायोटिक्स का कोर्स लेने के दौरान या पूरा होने के थोड़े समय बाद चकत्ता(त्ते) हुए थे
- एंटीबायोटिक्स का कोर्स पूरा करने के थोड़े समय बाद ही आपके शरीर के कुछ हिस्सों में चकत्ते हो गए हों
- 10 साल से भी ज़्यादा समय पहले किसी एंटीबायोटिक से कोई ऐसा रिएक्शन हुआ हो जिसका कारण मालूम न हो।

रोगी सूचना

दस्तावेज़ शीषिक: क्या मुझे अब भी ककसी एंटीबायोटटक से एलर्जी है?

एंटीबायोटिक से होने वाले बहुत सारे एलर्जी रिएक्शन समय के साथ बंद हो जाते हैं या फिर संभव ह कि वे एंटीबायोटिक के कारण नहीं हुए थे। यदि आपको लगता है कि आपको किसी एंटीबायोटिक से एलर्जी है, तो आपको इस बात की पुष्टि करने के लिए जाँच करवानी पड़ सकती है।

## **क्या एलर्जी के लिए जाँच करवाना मेरे लिए उचित है**?

आपके डॉक्टर, फार्मासिस्ट या नर्स द्वारा यह मालूम करने के लिए आपके साथ मिलकर काम किया जाएगा कि आपको जो रिएक्शन हुआ था वो गंभीर (प्राण-घातक) था या हल्का था। आपसे कुछ प्रश्न पूछे जायेंगे और जितना संभव हो उतनी ज़्यादा जानकारी देना महत्वपूर्ण होता है। आपके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर, आपका विशेषज्ञ डॉक्टर आपको इस बारे में सलाह देगा कि एंटीबायोटिक एलर्जी के लिए जाँच करवाना आपके लिए उचित है या नहीं और कौनसी जाँच(चें) आपके लिए सबसे अच्छी रहेगी। आप सिफारिश की गई जाँच(चों) को करवाना चाहते हें या नहीं, यह तय करने में आपकी सहायता के लिए, आपको प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## **मुझे कोई एंटीबायोटिक एलर्जी अब भी है यह पता करने के लिए मैं कौनसी जाँचें करवा सकता हूँ**?

दो मुख्य प्रकार की जाँचों का प्रयोग किया जाता है। वे हैं:

- स्किन टैस्ट
- या ओरल चैलेंज जाँच

डॉक्टर के आकलन के आधार पर, ओरल चैलेंज जाँच शुरु करने से पहले आपका स्किन टैस्ट किया भी जा सकता है और नहीं भी।

## **स्किन टैस्ट क्या होता है**?

स्किन टैस्ट के दौरान, किसी डॉक्टर या नर्स द्वारा, अलग-अलग एंटीबायोटिक्स के छोटे-छोटे इंजेक्शन त्वचा के नीचे तक ही लगाए जाते हैं। आपकी त्वचा सामान्य रूप से रिएक्ट कर रही है या नहीं, यह पता लगाने के लिए हिस्टैमिन से एक पॉज़िटिव कंट्रोल जाँच की जाती है। यह जाँच बहुत ही सुरक्षित होती है और अधिकाँश लोग इसे सहन कर लेते हैं। एक स्किन टैस्ट पूरा करने में लगभग चार घंटे का समय लगता है।

यदि आपको उपयोग किए गए इन एंटीबायोटिक्स में से किसी से भी एलर्जी है, तो आपकी त्वचा पर एक छोटा सा रिएक्शन दिखाई देगा जो देखने में ऐसा लगेगा मानो मच्छर ने काट लिया है। ये सामान्यतया पाँच से दस मिनट के भीतर दिखने लगता है और साठ मिनट के बाद लुप्त हो जाता है।

जाँच के कुछ दिन बाद हल्का रिएक्शन दिख सकता है, लेकिन ऐसा बहुत ही कम होता है। हम आपको घर ले जाने के लिए एक पत्र देंगे जिसमें एक फोन नंबर होगा, जिस पर आप फोन कर सकते हैं यदि आपको कोई ऐसी असामान्य चीज़ नज़र आए जो आपको लगे कि जाँच से संबंधित हो सकती है।

यदि आपमें कोई भी रिएक्शन नहीं होता है, तो अक्सर इस टैस्ट के बाद एक ओरल चैलेंज जाँच की जाती है - नीचे देखें।

## **ओरल चैलेंज जाँच क्या होती है**?

इस जाँच के लिए, आपसे थोड़ी सी एंटीबायोटिक निगलने के लिए कहा जाएगा। एक नर्स यह देखने के लिए दो घंटे तक आप पर करीब से निगाह रखेगी कि आपमें कोई रिएक्शन होता है या नहीं। आपकी ओरल चैलेंज जाँच करने और इसके परिणाम मिलने में आपको लगभग दो घंटे लगेंगे।

जाँच के कुछ दिन बाद हल्का चकत्ता (रैश) दिख सकता है, लेकिन ऐसा बहुत ही कम होता है। हम आपको घर ले जाने के लिए एक पत्र देंगे जिसमें एक फोन नंबर होगा, जिस पर आप फोन कर सकते हैं, यदि आपको कोई ऐसी असामान्य चीज़ नज़र आए जो आपको लगे कि जाँच से संबंधित हो सकती है।

## एलर्जी जाँच करवाने के लाभ

- अपने विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा सुझाई गई जाँच(चों) को करवाने से आपको पता लग जाएगा कि आपको एंटीबायोटिक एलर्जी है या नहीं।
- अगर आपकी जाँच यह दर्शाती है कि आपको अब एंटीबायोटिक एलर्जी नहीं है तो आपके, संक्रमण से ठीक होने के लिए सबसे अच्छी और सुरक्षित, एंटीबायोटिक लेने की संभावना बढ़ जाती है। आपके लिए, इसका मतलब हो सकता है और भी जल्दी ठीक होना।

## **क्या एलर्जी जाँचे सुरक्षित होती हैं**?

- हाँ, ये जाँचें सुरक्षित होती हैं।
- विश्व भर में हज़ारों लोग ये जाँचे करवा चुके हैं। जाँच के बाद, अधिकाँश लोगों को पता लगा कि जिस एंटीबायोटिक से उनको लगता था कि वे एलर्जिक हैं, उसे वे निश्शंक होकर ले सकते हैं।
- एलर्जी जाँच कराने वाले लोगों में से लगभग 80% (दस में से आठ) को पता लगता है कि उनको अब एंटीबायोटिक से एलर्जी नहीं है।
- जाँच(चों) के दौरान, आपके विशेषज्ञ डॉक्टर या नर्स द्वारा आपके ऊपर करीब से निगाह रखी जाएगी। अगर आपमें कोई एलर्जिक रिएक्शन होता है, तो वो जाँच रोक दी जाएगी और आपका तुरंत ईलाज किया जाएगा। हमारे डॉक्टर्स और नर्सें एलर्जिक रिएक्शनों का ईलाज करने में माहिर हैं।
- यदि आपका विशेषज्ञ डॉक्टर यह सोचता है कि आपको अब भी एंटीबायोटिक एलर्जी होने का ख़तरा कम है तो ही आपकी जाँच की जाएगी।

## आपके जाँच(चें) करवा लेने के बाद क्या होता है?

आपको और आपके डॉक्टर को जाँच के परिणामों के बारे में सूचित किया जाएगा।

आपको एक पत्र मिलेगा जिसमें निम्नांकित विवरण होगा:

- जाँच का नाम और आपकी जाँच का परिणाम
- उन एंटीबायोटिक्स के नाम जिन्हें आप निश्शंक होकर ले सकते हैं।

यदि आपकी जाँच(चें) दर्शाती हैं कि आपको एंटीबायोटिक एलर्जी नहीं है तो हम आपके मेडिकल रिकॉर्ड में से एंटीबायोटिक एलर्जी हटा देंगे।

और अधिक जानकारी के लिए कृपया यह वेबसाइट देखें:
https://antibioticallergy.org.au/

आपात-स्थिति होने पर, कृपया एम्बुलैंस के लिए 000 डायल करें या अपने नज़दीकी अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में जाएँ।

प्रस्तुत करने की तिथि: मार्च 2023